तापमान

अधिकतम 30.8 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार, 23 नवंबर 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]




12 शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा अण्डा में आनंद मेला का आयोजन






## खबर संक्षेप

### एबीयूएस की बैठक आज

**भिलाई।** अखिल भारतीय उड़िया समाज का बैठक 23 नवंबर को खुर्सीपार स्थित केंद्रीय कार्यालय में होगा। महासचिव तरूण निहाल ने बताया कि समाज की गतिविधियों को लेकर चर्चा होगी। इसके अलावा 2026 में परिचय सम्मेलन का बड़ा आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें प्रदेशभर के युवक-युवती शामिल होंगे। जिसकी तैयारी को लेकर चर्चा की जाएगी।

### तीन किलो गांजे के साथ चार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** गांजा का अवैध कारोबार करने वाले तीन आरोपी समेत एक नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना पुलगांव थाना क्षेत्र की है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दो युवक बिना नंबर की स्कूटी में थैला के भीतर गांजा भरकर दुर्ग से नदी की ओर ले जा रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। उनकी पहचान उरला मोहन नगर निवासी वामन यादव, मुकेश वर्मा, घूमका राजनंदगांव निवासी योगेश साहू व नाबालिग के रूप में हुई। आरोपियों ने बताया वो लोग गांजे की डिलवरी करने जा रहे थे। आरोपियों के पास से पुलिस ने तीन किलो गांजा , मोबाइल फोन, स्कूटी व नगदी चार हजार रुपए जब्त किया गया।

### वृद्ध ने किया नाबालिग से अप्राकृतिक कृत्य,गिरफ्तार

**भिलाई।** नाबालिग के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना शुक्रवार देर रात की है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि परमसुख सोनी से नाबालिग ने लिफ्ट मांगी थी। कुछ दूर जाने के बाद आरोपी नाबालिग से अश्लील हरकत करने लगा। नाबालिग के बयान के अनुसार आरोपी ने पहले उसे जबरन किस किया। मना करने पर भी आरोपी नहीं रुका। उसने नाबालिग के प्राइवेट पार्ट को छूना शुरू कर दिया। डर के मारे नाबालिग किसी तरह आरोपी से बचकर निकला और अपने घर पहुंचा। घटना की जानकारी परिजनों को देने के बाद पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी परमसुख सोनी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# क्यूआर कोड से राशि जमा करने की सुविधा, 20 हजार 600 डिमांड पत्र तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई। रिसाली निगम करदाताओं के लिए ऑनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा देने जा रहा है। इसके लिए निगम चैट बाट तैयार कर रहा है। इस चैट बाट को वॉट्स एप की मदद से देख सकते है। लिंक से सारा डिटेल मोबाइल स्क्रीन पर होगा। वहीं से लोग ऑन लाइन राशि जमा कर सकते है। सोमवार से नागरिकों को डिमांड दिया जाएगा। 20 हजार 600 डिमांड पत्र तैयार किया गया है। डिमांड मिलने के बाद नागरिक ऑन लाइन पेमेंट कर सकते है। इससे समय की बचत होगी।

## रिसाली निगम तैयार कर रहा चैट बॉट

अलग खबर

### 21.30 करोड़ टैक्स वसूली का है टारगेट

रिसाली निगम का वित्तीय वर्ष 2025 का 21.30 करोड़ रुपए टैक्स वसूली करने का टारगेट है। निगम ने अब तक 45 प्रतिशत ही टैक्स वसूली की है। इस निगम क्षेत्र के अंतर्गत 27258 घर हैं जहां से संपत्ति कर के अलावा अन्य टैक्स की वसूली होती है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने को पांच महीने शेष है और 55 प्रतिशत टैक्स वसूली करना बाकी है। इसलिए रिसाली निगम अभी से टारगेट के अनुरूप टैक्स की वसूली के लिए नई सुविधाएं भी विकसित कर रहा है।

QR CODE

RISALI MUNICIPAL CORPORATION

### दो प्रतिशत की दे रहा निगम इस महीने तक छूट

रिसाली निगम संपत्ति कर समेत अन्य कर जमा करने छूट दे रहा है। 2 प्रतिशत छूट का फायदा केवल 30 नवंबर तक राशि जमा करने वालों को ही मिल पाएगा। निगम ने लोगों को टैक्स जमा करने के लिए क्यूआर स्कैन की भी सुविधा शुरू की है। करदाता न क्यू आर कोड को स्कैन कर ऑन लाइन टैक्स जमा कर सकते है। निगम आयुक मोनिका वर्मा ने बताया कि क्यू आर कोड स्कैन करते ही करदाता सीधे रिसाली निगम के साइड पर पहुंच जाएंगे। इसके बाद नागरिक सीधे अपना नाम या फिर मोबाइल नंबर दर्ज कर निर्धारित राशि देख अपनी सुविधा से ऑन लाइन टैक्स जमा कर सकते है। आयुक्त ने पेनाल्टी से बचने निर्धारित समय में टैक्स जमा करने कहा है।

### जल्द चैट बाट

लोगों को सुविधा देने चैट बाट तैयार किया जा रहा है। चैट बाट को वॉट्स एप की मदद से देख सकते है। लिंक से सारा डिटेल मोबाइल स्क्रीन पर होगा। 20 हजार 600 डिमांड पत्र तैयार किया गया है। डिमांड मिलने के बाद नागरिक ऑन लाइन पेमेंट कर सकते है।

रवि श्रीवास्तव, प्रभारी संपति कर विभाग

## दुर्घटना : पिता भी घायल, खुर्सीपार क्षेत्र की घटना

# बीमार मां को देखने आई बेटी की हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीमार मां को देखने ससुराल से पहुंची विवाहिता की सड़क हादसे में मौत के बाद पूरा परिवार सदमे में है। घटना खुर्सीपार थाना क्षेत्र की है। राजनांदगांव निवासी साक्षी द्विवेदी अपने ससुराल से भिलाई तीन जाने के लिए छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से पावर हाउस रेलवे स्टेशन पहुंची।

वहां उसके पिता बाइक पर लेने पहुचे थे। पिता पुत्री दोनों बाइक से भिलाई तीन घर के लिए निकले थे। सुबह करीब 8.45 बजे पावर हाउस ओवरब्रिज के नीचे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक पिता दूर जा गिरे लेकिन बेटी साक्षी ट्रेलर की चपेट में आ गई। हादसे में साक्षी की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेलर इतनी तेजी में था कि साक्षी को कुछ दूर तक घसीटता ले गया, इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके पिता गंभीर रूप से घायल सड़क किनारे पड़े रहे। इसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने पिता को संभाला और अस्पताल पहुंचाया। लोगों ने ट्रेलर को दौड़ाया, लेकिन तब तक वो वहां से भाग गया। साक्षी के शव को सुपेला मरचुरी में पीएम के लिए भेजा गया है।

### पिता बाइक से रेलवे स्टेशन लेने पहुंचे, वाहन चालक हुआ है फरार

### निजी कंपनी में थी एचआर एग्जिक्यूटिव

मृतका साक्षी राजनांदगांव स्थित एक निजी कंपनी में एचआर एग्जिक्यूटिव के पद पर काम करती थी। उसका विवाह वर्ष 2024 में राजनांदगांव में ही हुआ था। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सड़क पर लगे सीसी कैमरों को पुलिस खंगाल रही है। लेकिन ट्रेलर चालक की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।



### अक्सर मां-बाप से मिलने आती थी बेटी

साक्षी अपनी मां की तबियत खराब होने पर राजनांदगांव से लगातार भिलाई आती थी। शनिवार-रविवार अवकाश होने के कारण साक्षी अक्सर मायके में समय बिताती थी। 22 नवंबर को भी मृतका मां को देखने पहुंची थी। पिता के सामने बेटी की मौत से वो सदमें में है। वो अपनी बेटी की मौत के लिए स्वयं को दोषी मान रहे हैं। मौत की खबर लगते ही मायके और ससुराल वाले घटनास्थल पहुंचे।

## घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र की

# चेन स्नेचिंग के पांच आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

चेनस्नेचिंग करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मॉर्निंग वॉक पर निकली तीन महिलाओं से चेन स्नेचिंग की वारदात 5-19 नवम्बर के बीच हुई थीं। ये घटनाएं कुम्हारी क्षेत्र सहित भिलाई के सेक्टर-1 सड़क 9, सेक्टर-10 सड़क 12 और सड़क 23 और प्रियदर्शनीय परिसर में हुईं।

घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने नाकेबंदी की और सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू किया। सूचना पर पुलिस ने बीएसयूपी कॉलोनी, कैपिटल सिटी फेस-2, सड्डू रायपुर में दबिश देकर कैपिटल सिटी रायपुर निवासी पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर, अब्दुल मुकीम और ज्वाला बैरागी को मेस्ट्रो सीजी 07 बीजे 5389, सीजी 04 पीवाई 6315, सीजी 04 एमएस 1273 के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी बैरागी मोहल्ला, पावर हाउस निवासी ज्वाला बैरागी ने वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया।

आरोपी ज्वाला के मुताबिक बहन के घर रायपुर सड्डू आता-जाता था और वहीं से अपने दोस्त अब्दुल मुकीम, पुरुषोत्तम और एक नाबालिग के साथ हर सुबह भिलाई क्षेत्र में बाइक बदल-बदलकर घूमता था। मौका मिलते ही चेन स्नैचिंग करता था। पुलिस ने एक नाबालिग समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### जेवरात खरीदार भी पकड़ में

आरोपियों ने चेन स्नेचिंग के बाद जेवरातों को किरण ज्वेलर्स नंदिनी रोड निवासी संचालक राम कृष्ण के यहां बेचा। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने उसे भी मछली मार्केट के पीछे पावर हाउस से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 3 सोने की चेन, 10 सोने के लॉकेट, सोने की पत्ती, 2 बाइक समेत कुल 7 लाख रुपए का सामान जब्त किया है।

# युवती को सम्मोहित कर किया अनाचार, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तीन दिन पहले युवती को घर से अपनी कार में अपहरण कर जबरन ले जाने वाले आरोपी को पुलिस पकड़कर भिलाई तीन थाना लेकर आई थी। आरोपी मौका पाते ही पुलिस को चकमा देकर वहां से फरार हो गया।

आरोप है कि 19 नवंबर की सुबह कार में अज्ञात युवक ने युवती को खींचकर घर से बाहर निकाला, अपनी कार में बिठाया और साथ ले गया। इसका वीडियों सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। इसके बाद भी युवती की शिकायत पर जामुल पुलिस ने दोनों को पति पत्नी बताकर मामले को रफादफा कर दिया। परिजनों का कहना है कि युवक रायपुर निवासी हेमंत अग्रवाल ने आर्य समाज में उनकी बेटी से जबरन शादी की थी। हेमंत ने युवती को अपहरण कर कोंडागांव-दंतेवाड़ा की तरफ ले गया। पुलिस उसे खोज निकाला।



इसके बाद उसे भिलाई तीन थाने में रखा गया, लेकिन पुलिस को चकमा देकर वह थाने से भाग गया। युवती का आरोप है कि हेमंत एक तांत्रिक है। घर की समस्या को तंत्र-मंत्र से ठीक करने के बहाने परिवार वालों से जुड़ा और उसके बाद उसे परेशान करने लगा। आरोपी ने तंत्र-मंत्र के जरिए उसे सम्मोहित किया और उसके अश्लील वीडियो बनाए। इसके बाद उन्हें वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ अनाचार किया।

इस पूरे मामले में परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। इधर युवती ने दो पुलिस कर्मियों पर आरोपी का सहयोग करने की बात भी कही है।

### रास्ते भर घूमाता रहा

अपहरण करने के बाद आरोपी युवती को कार में घूमता रहा। 19 नवंबर की सुबह जब वह जबरदस्ती उसे ले गया तो रास्ते भर मारता पीटता रहा। युवती के पिता का कहना है कि उनकी बेटी शादीशुदा नहीं है। इसके बाद भी पुलिस ने उसे और आरोपी को पति पत्नी बताते हुए पारिवारिक मैटर बताते हुए सामान्य कार्रवाई कर छोड़ दिया।

### आरोपी पहले से शादीशुदा

युवती बोली आरोपी हेमंत तंत्र-मंत्र कर कई लड़कियों को सम्मोहित कर उनके साथ शारीरिक संबंध बना चुका है। उसके बैग से बहुत सारी युवतियों की फोटो थीं। आरोपी ने खुद बताया कि वो शादीशुदा है, उसका एक बेटा है। उसकी मां भी इस अपराध में उसका साथ देती है। पहली पत्नी से एक बार बात हुई थी उसने भी बताया था कि मैं कोई मदद नहीं कर सकती, उसके साथ ही हेमंत ने ऐसा ही किया है।

### धारदार हथियार रखने वाले दो युवक गिरफ्तार





**भिलाई।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से धारदार हथियार लेकर घूमने वाले आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि सुपेला से शास्त्री नगर छावनी निवासी अमन मारकंडे और भिलाई-3 थाना क्षेत्र का इंदिरा नगर निवासी केशर अली को पकड़ा गया है। दोनों आरोपियों के पास से धारदार चाकू जब्त की गई है। इसके अलावा केशर अली के पास से ज्वलनशील पदार्थ डीजल 140 लीटर बरामद किया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दुर्ग रिमांड पर भेजा गया है।

### वृद्ध दंपत्ति को वाहन से कूचलकर जान से मारने की धमकी

**भिलाई।** दीवार में छेद कर लोहे का एंगल फंसाने को लेकर हुए पड़ोसी से विवाद के बाद तीन आरोपियों ने वृद्ध दंपत्ति के साथ गाली गलौज कर उन्हें जान से मारने और वाहन से कुचलने की धमकी दी। वृद्ध की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि राजपूत मोहल्ला ग्राम ननकट्ठी निवासी मीडिया कर्मी लोकेश्वर सिंह ठाकुर घर के बाजू में तेजस्वी शर्मा का मकान है। तेजस्वी शर्मा ने पीड़ित के दीवार में छेद कर लोहे का एंगल फंसा कर रखा है। 13 नवंबर की रात को घर में दो व्यक्ति पहुंचे और घर के भीतर आने की बात कहकर दीवाल को तोड़ना चाहते थे। तब लोकेश्वर सिंह ने दोनों को मना कर दिया। इसके बाद दोनों ने उनके पड़ोसी तेजस्वी शर्मा के पास पहुंचे। थोड़ी देर बाद तेजस्वी शर्मा और अन्य ने मिलकर गाली गलौज करना शुरु कर दिया। तब आरोपियों ने उसे और उसकी पत्नी को दुर्घटना कर जान से खत्म कर देने की धमकी दी।

# स्मृति नगर स्थित स्पा सेंटर में चल रहा था देह व्यापार, दो पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्मृति नगर में स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम ने वहां छापेमारी की और दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि पुलिस को मुखबिर ने सूचना मिली कि स्मृति नगर क्षेत्र में लविश फैमिली स्पा एंड सैलून और ड्रीम कैचर स्पा एंड सैलून में मसाज के नाम पर अवैध देह व्यापार कराया जा रहा है। मौके पर पुलिस की टीम पहुंची। जांच करने पर पाया गया कि स्पा सेंटर में संदिग्ध गतिविधियां चल रही थीं। पुलिस ने लोगों से पूछताछ की और दस्तावेजों की जांच की गई। पुलिस ने लविश फैमिली स्पा एंड सैलून और ड्रीम कैचर स्पा एंड सैलून की संचालिका सिकोलाभाठा जयंती नगर निवासी अहिल्या सागरवंशी और हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासीअंकुश ईखार को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।












**खबर संक्षेप**

## राज्य स्तरीय कबड्डी में खुमान ने दिलाया द्वितीय स्थान



दुर्ग। 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन जिला महासमुंद में 6 से 9 अक्टूबर तक सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में खेलो इंडिया लघु केन्द्र मर्रा, पाटन के खिलाड़ी खुमान साहू ने दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र एवं विद्यालय का मान बढ़ाया। राज्य स्तर पर चयनित होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खुमान साहू की इस उपलब्धि पर खेल एवं युवा कल्याण जिला दुर्ग के सहायक संचालक विलियम लकड़ाए प्राचार्य सेजस मर्रा, संतोष यादव ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी पाटन, ग्राम पंचायत मर्रा के सरपंच, शाला अध्यक्ष मर्रा तथा खेलो इंडिया लघु केन्द्र मर्रा के प्रशिक्षक भरत लाल ताम्रकार ने बधाई दी है।

**निधन**

### सत्यवती वर्मा



**भिलाई।** मैत्रीकुंज रिसाली निवासी सत्यवती वर्मा (82 वर्ष) का निधन शनिवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 नवंबर को दोपहर 12 बजे निवास स्थान से रिसाली मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे संजय वर्मा की माता व प्रांजल व प्रफुल्ल वर्मा की दादी थीं।

### सतनाम सिंघ जोहल



**भिलाई।** सरदार सतनाम सिंघ जोहल का निधन 21 नवंबर हो गया। वे 62 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान इ-पाकेट, 27/बी, मरौदा सेक्टर भिलाई से मुक्तिधाम रामनगर, सुपेला के लिए 23 नवंबर को सुबह 11 बजे निकलेगी। वे परमजीत सिंघ जोहल के पिता व समाजसेविका हरविंदर कौर के पति थे।

### चंदन सपहा



दुर्ग। ग्राम जेवरा निवासी चंदन सपहा 28 वर्षीय पिता ओंकार सपहा का निधन शनिवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार जेवरा के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे खुशी सपहा के पति व चहक सपहा के पिता एवं ग्राम पंचायत जेवरा के पंच भूपेंद्र सपहा के भाई थे।

### प्ले स्कूल एक्ट लागू, बिना पुस्तकों के खेल-खेल में करवानी होगी पढ़ाई

# जिले में 45 नर्सरी अब प्ले स्कूल में हो जाएंगे तब्दील, शिक्षा विभाग से मान्यता लेना अनिवार्य

**हरिभूमि ने 9 अगस्त को खबर प्रकाशित कर दी थी पहले से ही जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के 45 नर्सरी स्कूल अब प्ले स्कूल के रूप में तब्दील होंगे। इन स्कूलों को जिला शिक्षा विभाग से मान्यता लेना अनिवार्य किया गया है। स्कूल संचालन के तीन महीने के भीतर मान्यता के लिए आवेदन करना होगा। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्ले स्कूल एक्ट भेजा है। 3 साल से कम उम्र के बच्चे यहां दाखिला नहीं ले सकेंगे। इस उम्र के बच्चों का प्रवेश पर मनाही की गई है। राज्य में प्राइमरी से लेकर हायर सेकेंडरी तक के निजी स्कूलों को संचालन के लिए शिक्षा विभाग से मान्यता लेनी पड़ती है, लेकिन प्ले स्कूलों यानी नर्सरी के लिए कोई नियम नहीं है। हाईकोर्ट में इस मामले को लेकर जनहित याचिका लगाई गई थी जिस पर सुनवाई करते हुए एक्ट बनाने के लिए छग स्कूल शिक्षा विभाग को आदेशित किया गया है।



हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Ispat Bhoomi - 09 Aug 2025 - Page 1

बिना मान्यता वाले नर्सरी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार का नहीं हो पा रहा है पालन

हाईकोर्ट ने नर्सरी स्कूलों के लिए मान्यता जरूरी समझा, शहर में ऐसे 45 स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हाईकोर्ट ने नर्सरी स्कूलों के लिए मान्यता को जरूरी समझा है। ट्विनसिटी में ऐसे 45 नर्सरी स्कूल चल रहे हैं जो बिना मान्यता के हैं। मान्यता नहीं लेने की वजह से शिक्षा का अधिकार अधिनियमों का पालन नहीं हो पा रहा है। जिसकी वजह से गरीब वर्ग के बच्चे शिक्षा का अधिकार से वंचित हो रहे हैं।

न प्ले ग्राउंड न ही बुनियादी सुविधाएं

नर्सरी स्कूल लोग कहीं भी संचालित कर रहे हैं। लोग अपने क्वार्टरों व मकानों में ही नर्सरी स्कूल खोल रखे हैं। इन नर्सरी स्कूलों में बच्चों के खेलने के लिए न प्ले ग्राउंड है और न ही बुनियादी सुविधाएं। ऐसे भी नर्सरी स्कूल है जो गली-मुहल्लों के रोड किनारे है। बच्चे पढ़कर निकलते हैं तो रोड ही मिलता है। कमरे इतने छोटे है कि यहां पर्याप्त रोशनी व हवा नहीं आती। एक लाइन से दूसरी लाइन के बीच गैप बेहद कम होता है। बच्चे ठूंस-ठूंस कर बैठे मिलेंगे। पंखे व पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं होती।

नए नियम के लिए हाईकोर्ट में शपथपत्र पेश करेंगे संयुक्त सचिव

हाईकोर्ट ने नर्सरी स्कूलों की मान्यता मामले में स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव को कहा है कि वे नए नियम के लिए शपथ पत्र पेश करें। 13 अगस्त को वह शपथ पत्र पेश होना है। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति व अरली चाइल्डहुड केयर 3 साल से 6 साल तक के बच्चों के हिसाब से नया नियम शामिल किया जाना है।

आरटीई के लाभ से हो रहे बच्चे वंचित

नर्सरी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम वर्तमान में लागू नहीं है। जिसकी वजह से गरीब वर्ग के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा इन स्कूलों में नहीं मिल पा रही है। जबकि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत ही अन्य निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत कोटा आरक्षित किए ...

इन क्षेत्रों में चलाए जा रहे हैं नर्सरी स्कूल

भिलाई क्षेत्र में नर्सरी स्कूल खूब फल-फूल रहे हैं। भिलाई क्षेत्र में नेहरूनगर, हुडको, स्मृतिनगर, इस्पात नगर, ...

### बच्चों के लिए हर क्लास रूम हवादार होना चाहिए

प्ले स्कूल के भवन को लेकर भी गाइड लाइन जारी किए गए हैं। जिसमें हर क्लास रूप हवादार होना चाहिए। बालक और बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, बच्चों के लिए रेस्ट रूम, साफ पीने का पानी, सीसीटीवी कैमरे होने चाहिए। खेल क्षेत्र, अग्निशमन यंत्र, बाउंड्रीवाल, मेडिकल सुविधा, स्वच्छता की सुविधा जैसे साबुन, डस्टबीन, वाशबेसिन होना चाहिए। स्कूल का समय 3 से 4 घंटे का होगा।

### पालक शिक्षक समिति में 75 प्रतिशत रहेंगे पालक

प्ले स्कूल संचालकों को अब पालक शिक्षक समिति का गठन करना होगा। इस समिति का गठन स्कूल शुरू होने के एक महीने के भीतर करना है। इसका कार्यकाल एक साल तक रहेगा। इस समिति में 75 प्रतिशत पालक और 25 प्रतिशत शिक्षक रहेंगे। अध्यक्ष का मनोनयन पालकों के बीच से ही किया जाएगा। समिति की त्रैमासिक मीटिंग करनी है।

### ट्विनसिटी में घरों में संचालित हो रहे हैं नर्सरी स्कूल

प्री-प्राइमरी स्कूल (प्ले स्कूल) को संचालित करने का नियम छत्तीसगढ़ प्रदेश में नहीं था। दुर्ग जिले में लोग अपने घरों तक में नर्सरी स्कूल संचालित कर रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा 95 प्रतिशत नर्सरी स्कूल टिवनिसटी में संचालित हैं। खासकर सेक्टर एरिया में ये स्कूल खूब फल-फूल रहे हैं। न हवादार कमरे हैं और न ही खेल मैदान। गाइड लाइन जारी होने के बाद कितने नर्सरी स्कूल गाइड लाइन में खरे उतरते हैं यह मान्यता के लिए आवेदन करने के बाद जांच से खुलासा होगा।

### प्ले स्कूलों के लिए ये गाइड लाइन जिसका पालन करना जरूरी

1- प्री-प्राइमरी प्राइवेट स्कूलों को जिला शिक्षा अधिकारी से तीन माह के भीतर आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

2- स्कूलों को नाम में प्ले स्कूल शब्द शामिल करना अनिवार्य होगा।

3 - तीन वर्ष से कम आयु वाले बच्चे का एडमिशन नहीं होगा।

4-प्री प्राइमरी स्कूल राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे।

### मान्यता के लिए करें आवेदन

जो लोग नर्सरी स्कूल बिना मान्यता के संचालित कर रहे हैं उन्हे अब मान्यता लेनी होगी। वे आवेदन करें। गाइड लाइन के हिसाब से उन्हे मान्यता प्रदान की जाएगी।

**अरविंद कुमार मिश्रा,**
जिला शिक्षा अधिकारी

### पाठ्यपुस्तक से नहीं होगी पढ़ाई

स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू है। इसलिए प्ले स्कूलों में कोई भी पाठ्यपुस्तकों से बच्चों को अध्यापन नहीं करवाना है। खेल-खेल में ही पढ़ाई करवाना है। साथ ही बच्चों की सुरक्षा पहलू को भी प्राथमिकता देना है।

**-सीवी भगवंत राव,** शिक्षा मामले में जनहित याचिकाकर्ता

## एसआईआर : मंत्री गजेन्द्र ने ली भाजपाइयों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग में एसआईआर से संबंधित विषय को लेकर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव की उपस्थिति बैठक आयोजित हुई। दुर्ग भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं पार्षदगण बैठक में शामिल हुए। बैठक में वार्डवार मतदाताओं के फ़ॉर्म की स्थिति की समीक्षा की गई।

बैठक में दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के सभी पार्षदों से उनके-अपने वार्डों में एसआईआर फ़ॉर्म भरने की प्रगति, शेष कार्य, और आ रही चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में एसआईआर की भूमिका की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसआईआर से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ज़मीन पर लागू करने में भी सहायता मिलेगी। केबिनेट मंत्री यादव ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने-अपने वार्डों में सक्रियता बढ़ाएँ, टीम के साथ समन्वय बनाए रखें और मतदाताओं से सतत संपर्क में रहकर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने प्रत्येक वार्ड की स्थिति का बिंदुवार मूल्यांकन कर आगे की कार्ययोजना पर मार्गदर्शन दिए।

## शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा अण्डा में आनंद मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा अण्डा में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की याद में आनंद बाल मेला लगाया गया। इस अवसर स्कूली बच्चों ने शाला परिसर में विभिन्न प्रकार के पकवानों का नेमप्लेट एवं संचालनकर्ता के नाम सहित स्टाल लगाए। इस स्टाल में ढोकला, चना चटपटी, भेल, चाइनीज पकौड़ा, इडली, मिर्ची भजिया, पास्ता, मैगी, अमरूद एवं अन्य खाद्य पदार्थों का स्टाल एवं मनोरंजक खेल का स्टाल लगाया गया। बाल मेला का आनंद लेने शाला प्रबंधन समिति एवं पालकों के साथ ग्रामवासी भी उपस्थित हुए। बाल मेला में बच्चों द्वारा क्रय विक्रय, लाभ हानि, व्यापार, व्यवहार की अवधारणा से भली भांति परिचित हुए। जिसमें बच्चों ने खूब मस्ती करते नजर आए। इस मेला में आंगनबाड़ी केन्द्र अण्डा, मीडिल स्कूल के बच्चों के साथ साथ शिक्षको ने बच्चों के स्टाल से मनपसंद पकवानों का भरपूर आनंद खूब आनंद लिये और बच्चों के प्रयास की सराहना की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पूजा निर्मलकर (अध्यक्ष), जामवंत साहू (उपाध्यक्ष), डी.पी. चन्द्राकर (से.नि. प्राचार्य), लुकेश देवांगन (विधायक प्रतिनिधि), प्रवेश देवांगन (समन्वयक), जितेन्द्र चन्द्राकर, संतोष पाटिल, प्रदीप सिन्हा, जितेन्द्र सिन्हा, देवश्री चन्द्राकर, शकुन साहू, दीपिका धीवर, सविता रमनाज बेगम, महेश्वरी साहू, लाकेश्वरी, भामिनीराज, सीता साहू, मोनिका साहू, कुसुमलता यादव, कुसमा ठाकुर, भागीरथी के साथ साथ गांववासी उपस्थित थे। सभी ने आनंद मेला का लुत्फ उठाया। मेला के सफल आयोजन में प्रधान पाठक चन्द्रहास साहू और पेमिन नागवंशी (सहायक शिक्षक) ने उपस्थित बच्चों के साथ साथ ग्रामीणजनों की उपस्थिति पर धन्यवाद ज्ञापित

## सांतरा का गौरव बढ़ाया आदित्य ने



**सेलुद।** सांतरा गाँव का नाम एक बार फिर गौरव से चमक उठा है। गांव के प्रतिभाशाली युवक आदित्य चंद्राकर ने प्रतिष्ठित सीजीपीएससी परीक्षा में 46वीं रैंक हासिल कर पूरे क्षेत्र को गर्व का एहसास कराया है। खास बात यह है कि आदित्य ने यह उपलब्धि पहली ही कोशिश में हासिल की, जो उनकी मेहनत और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। आदित्य, स्वर्गीय ओमप्रकाश चंद्राकर के पुत्र एवं सेवानिवृत आयुर्वेद अधिकारी डॉ हुबराम चंद्राकर के पोते हैं। उनकी इस शानदार सफलता की खबर मिलते ही सांतरा, बेल्हारी और गुढ़ियारी के भारद्वाज परिवार में हर्ष और उत्सव का माहौल बन गया। पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## माताओं के लिए बहुउपयोगी साबित होगा महतारी सदन : कल्पना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर



जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले महतारी सदन का भूमिपूजन 20 नवंबर को जामगांव आर में किया।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद आयोजित इस कार्यक्रम में जीते सरपंच प्रत्याशी सहित जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर ने खास तौर पर उपस्थित होकर विकास के लिए एकजुटता का संदेश दिया। पंडित मुकेश शुक्ला के मंत्रोच्चारण से भूमिपूजन का पूजा अर्चना संपन्न हुई। पूजा अर्चना में जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू, भाजपा जिला मंत्री शैलेंद्री मंडावी और भाजपा नेत्री नंदनी साहू ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र की विकास को प्राथमिकता देना जनप्रतिनिधियों का काम होना चाहिए। भाजपा सदैव विकास की हिमायती रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जामगांव आर का महतारी सदन बहुउपयोगी साबित होगा।

भूमिपूजन समारोह में नारद साहू अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा दक्षिण पाटन, रूपेंद्र शुक्ला सरपंच जामगांव आर,मुकेश साहू उपसरपंच जामगांव आर, शैलेंद्री मंडावी मंत्री जिला भाजपा दुर्ग, कन्हैयालाल साहू, धर्मेंद्र निर्मल, पूर्णेंद्र सिन्हा, सीताराम साहू,नरेश केला, भगवान चंद्राकर,मुकेश शुक्ला मेघनाथ सागरवंशी मंचासिन रहे।पंकज, गनेश्वर साहू , ऋषि चंद्राकर, नंदनी साहू, दामिन साहू, संतोष, मनहरण, शरद, संतु यादव और तीरथ चंद्राकर सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

**बिजनेस साइट**

## श्री साईं फार्मेसी कॉलेज में फार्मेसी सप्ताह का आयोजन

**भिलाई।** नंदनी स्थित श्रीसांई फार्मेसी कॉलेज में फार्मेसी सप्ताह का आयोजन इस वर्ष की थीम फार्मासिस्ट वैक्सीनेशन के एडवोकेट हैं, के अनुरूप मनाया गया । कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता रैली के साथ हुई। उद्घाटन विशिष्ट तिथि बीएसपी के रिटायर्ड लॉ ऑफिसर एडवोकेट केएस शर्मा ने किया।



सप्ताह भर चलने वाले राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं प्रतियोगी कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें वाद विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रस्तुति, रंगोली प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं प्रतिष्ठित विशेषज्ञ द्वारा विशेष व्याख्यान इत्यादि हेतु कार्यशाला भी रखा गया ।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि केएस शर्मा संस्था के निदेशक डॉ. प्रवीण विश्वकर्मा,, प्रशासनिक अधिकारी कमलेश्वर बारले उपस्थित रहे। शर्मा ने कहा कि यह सप्ताह टीकाकरण के महत्व, जागरूकता एवं फार्मासिस्टों की भूमिका को रेखांकित करने का एक सार्थक प्रयास है। फार्मेसी द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी केशव, ललिता भगत, तथा प्रथम वर्ष के उदाहरण दास युगांछा की प्रस्तुति सराहनी रही। फार्मेसी विभाग की प्राचार्य तिलस्मी बघेल ने राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार शोध दृष्टि, और पेशेवर दक्षता को मजबूत करने के बारे में बताया। कार्यक्रम में अमित दीक्षित, आशीष कुमार,प्रीति, वीरेंद्र , रितेश कुमार, दुर्गेश एवं मोहन विश्वकर्मा इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रमिला चौहान ने किया।

## अपने जीवन को संकट में मत डालिए : डॉ. अग्रवाल



**भिलाई।** इसे नजर अंदाज कर छणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए तुरंत खून की जाँच कराए। क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण रोग हैं। जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना, खुजली लाल होना, पेशाब में जलन या पीब आना, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग, हेपाटाइटिस, सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक), रुबेला या एच.आई.वी. रोग हो सकता है।

ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग हैं सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ो में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना, नाखूनो का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग हैं। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान हैं जैसेः शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि । ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं। नीम हकिमो से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्ननों थैरिपी पर आधारित केवल रस-रसायन में ही हैं। वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आईएसओ सर्टिफाईड सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एचसी अग्रवाल (एमडी) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट) रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग में स्थित है।

## रासेयो शिविर में कॉलेज स्टूडेंट ने किया सेवाकार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



■ माता कर्मा महाविद्यालय गुण्डरदेही का रासेयो शिविर

राष्ट्रीय सेवा योजना माता कर्मा महाविद्यालय गुंडरदेही सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम सिरसिदा विकासखंड गुंडरदेही जिला बालोद में किया गया। समापन में मुख्य अतिथि कुंवर सिंह निषाद (विधायक विधानसभा गुण्डरदेही) थे। वहीं नितिन शर्मा (उपनिदेशक माई भारत), पुरुषोत्तम चंद्राकर (अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही), सरस्वती चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत सिरसिदा, कुलदीप साहू (अध्यक्ष भाजपा मंडल ओटेबंद) एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमा में उपस्थिति में संपन्न हुआ। तथा डॉ लीना साहू (जिला संगठक रासेयो जिला बालोद) ने पूरे शिविर में गांव में जितना काम हुआ सभी को संक्षिप्त से बताया। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वरांजलि म्यूजिकल ग्रुप रौन ने प्रस्तुत किया। आयोजन में संचालन संजय शुक्ला ने किया। आभार व्यक्त डॉ लीना साहू (जिला संगठक रासेयो) ने किया। इस अवसर पर जिला संगठक डॉ लीना साहू ,कार्यक्रम अधिकारी घनश्याम साहू वरिष्ठ स्वयंसेवक कौशल गजेंद्र ,रुचि देशमुख, रुद्र प्रताप साहू ,रोशन साहू,अभिषेक कुमार, मिथलेश कुमार,विक्की साहू,ज्योति साहू दीपिका सोनकर ,चित्रांशी ,सिमरन, इंद्राणी सेन,गुलशन,हर्षित बारले,सोमेश कुमार, मेघा एवं समस्त स्वयंसेवक सेवक उपस्थित थे।

## सरपंच ने शोकाकुल परिवार को दी आर्थिक सहायता

**सेलूद।** ग्राम पंचायत देवादा में गुजराम यादव के निधन पर सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने मृतक के परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। सरपंच ने शोकाकुल परिवार की आर्थिक मदद के रूप में 5,000 नकद एवं एक कट्ठा चावल प्रदान किया। सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत देवादा में किसी भी जरूरतमंद परिवार को विपत्ति के समय सहायता राशि उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर मृतक की पत्नी अनुसुइया यादव, नीलू वर्मा, पुत्र मंगलू यादव, रंजीत यादव, पंच कल्याणी यादव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## जागरूक किया बच्चों और पालकों को



**पाटन।** केपीएस स्कूल पाटन में मदर्स डे के अवसर पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता जेएमएफसी कोर्ट पाटन की न्यायाधीश शीतल निकुंज थीं। उन्होंने बच्चों एवं उनके अभिभावकों को महिला संबंधी अपराध, यातायात नियमों तथा साइबर अपराधों के बढ़ते खतरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। अपने संबोधन में न्यायाधीश श्रीमती निकुंज ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न जैसे मामलों पर कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी और बच्चों को सचेत रहने तथा किसी भी प्रकार की अनुचित घटना की तुरंत सूचना देने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, मोबाइल का वाहन चलाते समय प्रयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को भी समझाया। साइबर अपराधों पर बात करते हुए उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को फर्जी कॉल, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया मिसयूज और गोपनीय जानकारी साझा न करने जैसी जरूरी सावधानियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में पाटन थाना का समस्त स्टाफ, स्कूल के छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने न्यायाधीश श्रीमती निकुंज का आभार व्यक्त किया।

## दिपावली मिलन समारोह में की खुशहाली की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

नगर पालिका परिषद अम्लेश्वर के प्रेस क्लब अध्यक्ष करन साहू की अध्यक्षता में वार्ड क्रमांक 15 मगरघटा अमलेश्वर के पारस होम में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षक राष्ट्रपति पुरस्कार परस राम साहू , विशिष्ट अतिथि बी डी राऊत स्काउट गाइड प्रमुख और शिक्षक ललित बिजौरा थे। कार्यक्रम की शुरूआत छत्तीसगढ़ महतारी के पूजा अर्चना से शुरू की गई साथ ही दीपावली के मिलन समारोह के अवसर पर पत्रकारों के द्वारा पौधारोपण किया गया साथ ही दीप प्रज्वलित कर एक दूसरे को शुभकामनाएं भी दी। प्रमुख रूप से प्रेस क्लब के महासचिव अश्वनी साहू ,सदस्य गोविंद सोनकर, होरीलाल साहू, महेंद्र निषाद और ठाकुर आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़
कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन, प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)
कार्यालय-ऊतई रोड, एल.आई.सी.ऑफिस के पीछे
पद्मनाभपुर, दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
दूरभाष 0788-4901906
ई-मेल- eocghbzonedurg@gmail.com
// आम सूचना //
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संघमित्रा गजभिये पति स्व. अशोक कुमार गजभिये निवासी-जूनि.एम.आई.जी.-10, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक जूनि.एम.आई.जी.-10, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस/वारिसानो श्री अमन गजभिये आ. स्व. अशोक गजभिये ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक जूनि.एम.आई.जी.-10, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को श्री अमन गजभिये के नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. श्रीमती संघमित्रा गजभिये के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।
अतः श्री अमन गजभिये के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा। मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 19/11/2025 को जारी किया गया।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

जगजीवन आयुर्वेद

धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.
आज ही गारंटी से इलाज कराएँ
शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग
मो. 7869433660, 9399486858

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष




प्रतिक्षा कक्ष


पूजा स्थान


परामर्श कक्ष






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

### पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

हरिभूमि
रायपुर, रविवार 23 नवंबर 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

लाइव इवेंट

## प्रसव कक्ष में तत्परता और गोल्डन मिनिट्स में लिया भाग, मिला सम्मान



**भिलाई।** नवजात मृत्यु दर को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र ने राष्ट्र-स्तरीय नवजात पुनः जीवन प्रक्रिया (नियोनेटल रीससिटेशन) कार्यशाला का आयोजन किया। बाल चिकित्सा और नवजात विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य प्रसव कक्ष में तत्परता को बढ़ाना और जन्म के बाद के महत्वपूर्ण गोल्डन मिनट में नवजात की देखभाल में सुधार लाना था। उदघाटन मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी ने किया।

- नवजात की देखभाल से कम होगी शिशु मृत्य दर- जेएलएन अस्पताल में नियोनेटर रीससिटेशन कार्यशाला

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। यह कार्यशाला राष्ट्रीय स्वास्थ्य लक्ष्यों के अनुरूप है, व विशेष रूप से राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा निर्धारित उद्देश्यों के तारतम्य में है। एनएफएचएस-5 के अनुसार, छत्तीसगढ़ में शिशु मृत्यु दर 1 हजार जीवित जन्मों में 44 के दर से रिपोर्ट की जाती है। इनमें से एक बड़ी संख्या नवजात अवस्था में मृत्यु का शिकार होती है। समय पर नवजात पुनः जीवन प्रक्रिया को लागू करना उपाय है। इस कार्यशाला में चिकित्सा निदेशक, स्पर्श शिशु चिकित्सालय, डॉ. एपी सावंत, वरिष्ठ सलाहकार, नियोनेटल यूनिट, जेएलएंएच एंड आरसी, डॉ. माला चौधरी, एवं सहायक प्राध्यापक, सिम्स मेडिकल कॉलेज, डॉ. अतिंद्र जैन शामिल थे। विशेषज्ञों ने नवजात के जोखिम कारकों की पहचान करने और नवजात पुनः जीवन प्रक्रिया (एनआरपी) प्रोटोकॉल को लागू करने पर आधारित प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रस्तुत करने के साथ उचित वेंटिलेशन की स्थापना पर जोर दिया।

### 2030 तक न्यूनतम लाना है मृत्युदर

कार्यशाला में कुल 24 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिन्होंने आईएपी-एनआरपी-एफजीएम पोर्टल के माध्यम से अनिवार्य ऑनलाइन प्रशिक्षण मॉड्यूल पूरा किया था। उन्हें नियोनेटल रीससिटेशन प्रक्रिया तकनीकों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यशाला भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे भारत नवजात क्रिया योजना (आईएनएपी) का एक अभिन्न अंग है, जिसका उद्देश्य 2030 तक भारत की नवजात मृत्यु दर को एकल अंकों में लाना है। कार्यशाला में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं, प्रमुख डॉ. विनीता द्विवेदी; मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार, का मार्गदर्शन व सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सम्बिता पांडा; सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी और नियोनेटल विभाग प्रभारी, डॉ. एस.के. साहा,महाप्रबंधक शाहिद अहमद, उप-प्रबंधक (नर्सिंग प्रशासन), सुश्री शाइला एस. अब्राहम, एवं , सहायक प्रबंधक, आपातकालीन सेवाएं, लता मिश्रा उपस्थित थे।

सिटी इवेंट

## सेक्टर-9 अस्पताल में विश्व सीओपीडी दिवस, डॉक्टरों ने किया जागरूक



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के श्वसन चिकित्सा विभाग द्वारा विश्व सीओपीडी दिवस विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य ओपीडी परिसर तथा चेस्ट ओपीडी में आयोजित इन कार्यक्रमों का शुभारंभ मुख्य चिकित्सडॉ. विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार ने किया। डॉ. विनीता द्विवेदी ने कहा कि समुदाय स्तर पर स्क्रीनिंग और त्वरित पहचान को सुदृढ़ करना आवश्यक है। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार ने आमजन को समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने, उपचार का पूर्ण पालन करने तथा धूम्रपान एवं घरेलू प्रदूषण जैसे जोखिम कारकों से बचने की सलाह दी।

### सीओपीडी मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण



डॉ. सोनाली त्रिवेदी ने कहा कि क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) भारत में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण है, फिर भी जन-जागरूकता चिंताजनक रूप से कम है। उन्होंने लोगों से प्रारंभिक लक्षणों के प्रति सजग रहने की अपील की।इस अवसर पर नर्सिंग छात्रों ने नाट्य मंचन से जागरुक किया। वरिष्ठ कंसल्टेंट डॉ. रौनक दास ने आभार प्रदर्शन किया। तथा सभी कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अथुल अंगज ने पोस्टर प्रतियोगिता के पुरस्कृत प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए।

● हर दिन सुबह 6 बजे से रात साढ़े 10 बजे तक खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध, अदिति और देवा साहू दे रहे प्रशिक्षण

# हनुमान नगर में 65 लाख का इंडोर स्टेडियम, जिसे गुजरात और इंदौर के कारीगरों ने सागौन की लकड़ी से तराशा, आज खिलाड़ी निखार रहे हुनर

**दुर्ग।** शहर के वार्ड-21 हनुमान नगर में 65 लाख रुपए खर्च कर तैयार किया गया इंडोर स्टेडियम स्थानीय खिलाड़ियों के लिए हुनर निखारने का बेहतर प्लेटफार्म साबित हो रहा है, जहां प्रतिदिन खिलाड़ी सुबह 6 बजे से लेकर रात साढ़े 10 बजे तक कड़ी मेहनत कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मुख्य रूप से बैडमिंटन कोर्ट खिलाड़ियों को निखारने का काम कर रहा है। वार्ड के पूर्व पार्षद अरुण सिंह बताते हैं कि दुर्ग शहर का यह पहला बैडमिंटन कोर्ट है, जहां खिलाड़ियों को ट्रेनिंग के लिए जगह उपलब्ध हो पाई है। इससे पहले शहर के खिलाड़ियों के पास एक भी कोर्ट नहीं था, उन्हें भिलाई जाना पड़ता था। अब यह सुविधा दुर्ग में भी उपलब्ध है। अंतराष्ट्रीय मानकों को ध्यान रखकर सागौन की लकड़ी से इस कोर्ट को इंदौर और गुजरात से आए कारीगरों ने तैयार किया है। इसमें सस्पेंशन भी लगा है, जिससे खिलाड़ियों को फिजिकल परेशानी नहीं होती।





**दुर्ग।** हनुमान मंदिर मुख्य सड़क से महज 300 मीटर दूरी पर स्थित यह बैडमिंटन एस्ट्रो टर्फ कोर्ट है। राज्य शासन से मिली राशि से इसे तैयार किया गया है। खिलाड़ी के लिए बेहतर माहौल तैयार करने के उद्देश्य से इस इंडोर स्टेडियम को तैयार किया गया है। बैडमिंटन कोर्ट बनने से यहां नए खिलाड़ी तैयार होंगे। ऐसे में ये खिलाड़ी भिलाई का राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर सकेंगे। इसके साथ ही यहां बड़े स्तर की प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी, जिससे इस स्टेडियम को नई पहचान बनेगी। इस स्टेडियम में कोचिंग और ट्रेनिंग के भी इंतजाम किए गए हैं।

बैडमिंटन के लिए अदिति नामक कोच द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। वहीं योग, कुम्फू, कराटे के लिए देवा साहू बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। स्टेडियम में अन्य खेलों के भी इंतजाम किए गए हैं।बैडमिंटन खिलाड़ियों ने कहा कि अब तक बैंडमिंटन के लिए ऐसा मैदान नहीं था। एस्ट्रोटर्फ होने से खिलाड़ियों की बेहतर ट्रेनिंग होगी। उन्होंने कहा कि कोचिंग की व्यवस्था होने से उन्हें दूसरे कोर्ट में जाने की आवश्यकता नहीं होती। बस यहां प्रतियोगिताओं का आयोजन शुरू हो जाए, इससे प्रतिभाओं को निखरने का और अधिक मौका मिलेगा।

### नगर के खिलाड़ी लंबे समय से बैंडमिंटन कोर्ट की कर रहे थे डिमांड

बता दें कि नगर के खिलाड़ी लंबे समय से बैडमिंटन कोर्ट की डिमांड कर रहे थे, लेकिन इसकी उपलब्धता नहीं थी। वर्तमान में रविशंकर स्टेडियम परिसर में भी एक बैडमिंटन कोर्ट शुरू किया गया है। हनुमान नगर का बैडमिंटन कोर्ट पहसे से संचालित है, जहां सुविधाओं को और बेहतर किए जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। खेलने के लिए सुविधायुक्त मैदान और बैडमिंटन कोर्ट नहीं होने से युवा खिलाड़ियों के साथ छात्र-छात्राएं प्रतिभा नहीं दिखा पा रहे थे। खिलाड़ियों ने हनुमान नगर में बैंडमिंटन कोर्ट बनाने की मांग तत्कालीन पार्षद अरुण सिंह से की थी। इसके बाद कोर्ट तैयार किया गया। अरुण सिंह ने कहा कि जल्द ही राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन यहां किया जाएगा। इसे लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है।



## कैंपस इंटरव्यू के लिए 25 स्टूडेंट्स का चयन




**भिलाई।** शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में फॉर्मेसी के विधार्थियों के लिए करियर एंड प्लेसमेंट सेल के द्वारा कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया गया। न्यू दिल्ली की मित्रा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने विभिन्न प्रांतों में हुई रिक्तियों के लिए कैंपस चयन किया गया। आयोजन प्रमुख कमला इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी के प्राचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार साहू ने बताया कि इस कैंपस चयन के लिए 150 विधार्थियों को पात्रता मिली। प्रथम चरण में इनमें से 50 विद्यार्थी इंटरव्यू के लिए चयनित किए गए। कंपनी के सेंट्रल इंडिया के प्रबंधक अनुराग तिवारी की टीम ने साक्षात्कार लिया। कंपनी के आकर्षक पैकेज के कारण विधार्थियों में बहुत उत्साह था। साक्षात्कार के बाद 25 विद्यार्थियों का चयन किया गया जिन्हें विभिन्न प्रांतों के लिए अंतिम रूप से चयनित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एके झा, कुलसचिव डॉ. स्मिता सिलेट एवं डायरेक्ट डेवलपमेंट डॉ. सुशील चंद्र तिवारी ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। इस कैंपस इंटरव्यू में विश्वविद्यालय की संस्था एसएससीपीएस एवं एसएसआईपीएस आर के विद्यार्थी शामिल थे। दिनभर चले साक्षात्कार को सफल बनाने में प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. मोनिका श्रीवास्तव, डॉ. विमल कुमार तथा प्राध्यापक विकास साहू, लोकेश कुमार, जागेश्वर प्रसाद सक्रिय रहे।

## दत्तात्रेय जयंती पर 4 को गोस्वामी सम्मेलन राजिम में, जुटेगा समाज

**भिलाई।** राजीव लोचन की पावन धरा राजिम में स्थित दत्तात्रेय मंदिर परिसर में अगहन पूर्णिमा पर 4 दिसंबर को गोस्वामी समाज द्वारा प्रांत स्तरीय भव्य दत्तात्रेय प्राकट्य उत्सव मनाई जाएगी। सुबह 8 बजे भगवान दत्तात्रेय का मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना के बाद 10.30 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू, अतिविशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू पूर्व सांसद, विशेष अतिथि महेश यादव नगर पंचायत अध्यक्ष, इन्द्रजीत महाड़िक जिला पंचायत सदस्य, पूर्णिमा चन्द्राकर उपाध्यक्ष नगर पंचायत, हरीश साहू अध्यक्ष सरपंच संघ, लालाराम साहू अध्यक्ष राजिम भक्तिन माता, चन्द्रशेखर साहू महामंत्री और नूतन लाल साहू अंतर्राष्ट्रीय कवि होंगे। साथ ही समाज के प्रेरणास्त्रोत श्रद्धेय महंतगण, माननीय संस्थापकद्वय रमन गिरि, ओंकार पुरी, संरक्षकद्वय उमेश भारती गोस्वामी एवं अशोक गिरि विशिष्ट अतिथि होंगे।



अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष काशीपुरी कुंदन करेंगे। मंचीय कार्यक्रम में भगवान दत्तात्रेय दर्शन पर आधारित व्याख्यान होंगे। सम्मेलन में विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन, समाज की विशिष्ट प्रतिभाओं, जनप्रतिनिधियों एवं प्रेरणास्त्रोत बुजुर्गों का सम्मान, सनातन संस्कृति पर आधारित सामान्य ज्ञान क्विज सहित विविध कार्यक्रम होगा। उमेश गिरी, प्रशांत गिरि, पोखराज बन, रामकुमार पुरी सहित अन्य कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं। दुर्ग के प्रतिनिधि भी आयोजन में शामिल होंगे।

विश्व प्रतिजैविक जागरुकता सप्ताह 18 से 24 नवंबर तक मनाया जा रहा है, इस पर विशेष रिपोर्ट

# एंटीबायोटिक दवाएं बढ़ा रही खतरा, मौन महामारी को कर रही आमंत्रित डब्लूएचओ ने जताई चिंता, 2050 तक संक्रामक बीमारियों का खतरा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** टाइफाइड, निमोनिया, यूरिन इन्फ्रैक्शन के मामलों में रोग प्रतिरोधक क्षमता की दवाओं का ज्यादा इस्तेमाल सेहत के लिए हानिकर साबित हो रहा है। यह आने वाले समय में मौत का कारण बन सकता है। डब्लूएचओ ने इसे लेकर गाइडलाइन भी जारी की है। वूमन वेट विंग की राष्ट्रीय संयोजक और लीडिंग वीमेन वेटरिनेरियन एसोसिएशन ऑफ इंडिया की अध्यक्ष डॉ. निधि रावत ने हरिभूमि से विशेष चर्चा के दौरान इसका खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि कल्पना कीजिए एक ऐसी दुनिया कि जहां साधारण संक्रमण, छोटी चोटें या सामान्य अस्थि (ऑर्थोपेडिक) सर्जरी भी जीवन के लिए ख़तरा बन जाए। जहां टाइफाइड, न्यूमोनिया या मूत्र संक्रमण जैसी आम बीमारियां दवाओं से ठीक न हों। एक मामूली कट भी मृत्यु का कारण बन सके। यह भयावह स्थिति अब कोई कल्पना नहीं, यह एक उभरती हुई वैश्विक वास्तविकता है, जिसे कहा जाता है प्रतिजैविक प्रतिरोध। यह तब होता है जब बैक्टीरिया, वायरस, फफूंद या परजीवी उन दवाओं के प्रति प्रतिरोधक बन जाते हैं जो उन्हें नष्ट करने के लिए बनाई गई थीं। इसका परिणाम यह होता है कि दवाएं अपना प्रभाव खो देती हैं। संक्रमणों का इलाज कठिन, कभी-कभी असंभव हो जाता है, जिससे मृत्यु तक हो सकती है।



### 2050 तक लोगों को मृत्यु का बनेगा कारण

डॉ. रावत कहती हैं कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार यदि इस पर नियंत्रण नहीं पाया गया, तो वर्ष 2050 तक प्रतिजैविक प्रतिरोधक के मामले प्रतिवर्ष लगभग 1 करोड़ (10 मिलियन) लोगों की मृत्यु का कारण बन सकता है, जो कैंसर से भी अधिक होगा। वर्तमान में लगभग 7 लाख लोग हर वर्ष दवा-प्रतिरोधी संक्रमणों से मर रहे हैं। विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन ने भी चेतावनी दी है कि यदि यह संकट जारी रहा, तो मनुष्यों, पशुओं और पौधों में संक्रमणों का उपचार असंभव हो जाएगा जिससे खाद्य सुरक्षा, आजीविका और वैश्विक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।

### प्रतिजैविक प्रतिरोध से बचाव के लिए क्या करें और क्या न करें

डॉ. रावत ने कहा कि एंटीबायोटिक दवा केवल डॉक्टर की सलाह पर लें। कभी स्वयं दवा न लें। एंटीबायोटिक का पूरा कोर्स पूरा करें, चाहे आप बेहतर महसूस कर रहे हों। बिना चिकित्सकीय पर्ची के फार्मेसी से एंटीबायोटिक न खरीदें। फ्लू, कोविड-19 जैसी बीमारियों के लिए टीकाकरण कराएं, क्यूंकि रोकथाम इलाज से बेहतर है। हाथ धोएं, स्वच्छ भोजन करें और स्वच्छता बनाए रखें। अपनी दवा या पर्ची किसी और को न दें। बीच में एंटीबायोटिक बंद न करें, जब तक डॉक्टर सलाह न दें। सर्दी-खांसी या वायरल संक्रमण में एंटीबायोटिक का उपयोग न करें। बची हुई दवा दोबारा उपयोग न करें प्रतिजैविक प्रतिरोध किसी एक व्यक्ति की समस्या नहीं है बल्कि यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### यह सभी के लिए चिंता का विषय क्यों है, जानिए

एंटीबायोटिक दवाएं आधुनिक चिकित्सा की आधारशिला रही हैं, जिन्होंने सर्जरी, प्रसव और संक्रामक रोगों से अनगिनत जीवन बचाए हैं। परंतु मनुष्यों, पशुओं और कृषि में इन दवाओं का अत्यधिक व अनुचित उपयोग प्रतिरोध को तेज़ी से बढ़ा रहा है। हर बार जब एंटीबायोटिक का अनावश्यक उपयोग होता है, तो जीवाणु अधिक शक्तिशाली हो जाते हैं। ये सुपरबग्स आसानी से मनुष्यों, पशुओं और पर्यावरण के बीच फैलते हैं, जिससे सामान्य चिकित्सा देखभाल भी जोखिमपूर्ण बन जाती है। डॉ. रावत बताती हैं जब एंटीबायोटिक दवा बिना चिकित्सकीय पर्ची के ली जाती हैं, बीच में छोड़ दी जाती है। पशुओं के चारे में विकास बढ़ाने के लिए मिलाई जाती हैं, तो हम प्रतिरोधी जीवाणुओं को और सशक्त बना देते हैं। वह दिन दूर नहीं जब एक साधारण संक्रमण भी उपचार के प्रति उत्तरदायी नहीं रहेगा।

## सिटी इवेंट

# रिटायर कर्मी बोले-जरुरत पड़ी तो सेक्टर-4 सोसाइटी ने दिया सहारा



**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 में समारोह का आयोजन कर माह अक्टूबर 2025 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इन वरिष्ठ कर्मियों के स्वागत उपरांत सोसाइटी के अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन ने सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी।

श्री देवांगन ने सभी वरिष्ठ कर्मियों को जीवन के नए पड़ाव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज कर्मियों के बीच सोसाइटी ने जो स्तर बनाया है, वह सब आप लोगों के योगदान से ही संभव हुआ है। इसलिए कभी भी खुद को इस सोसाइटी से अलग न समझें। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने सम्मान के लिए आभार जताते हुए सोसाइटी से अपने लगाव को लेकर उद्गार व्यक्त किए। वायर रॉड मिल से रिटायर भागीरथी सिन्हा ने कहा कि सोसायटी की सदस्य संख्या कम नहीं होनी चाहिए, क्योंकि ऐसा पारदर्शी कामकाज और कहीं नहीं होता है। मशीन असेंबलिंग एंड रि-इंजीनियरिंग शॉप (मार्स-1) से रिटायर शरद चंद ताम्रकार ने कहा कि पूरे सेवाकाल के दौरान जब भी जरूरत पड़ी सेक्टर-4 सोसाइटी ने बड़ा सहारा दिया। यहां तक कि खुद का मकान और प्लाट लेने में सोसायटी ने विशेष योगदान दिया।

### कविता के जरिए किसानों के मर्म को समझाने का प्रयास

रिसर्च एंड कंट्रोल लैब से रिटायर रामकृष्ण साहू ने इस दौरान अपनी छत्तीसगढ़ी कविता के माध्यम से किसानों के मर्म हृदय को छुआ। उन्हें कविता पर खूब दाद मिली। हैंडलिंग प्लांट से रिटायर हरभजन सिंह ने कहा कि यहां कभी कोई भुगतान रुका नहीं। समय पर यहां सारे कार्य निष्पादित होते हैं, इसलिए उन्हें इंश्योरेंस का भुगतान भी समय पर हुआ। रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से रिटायर शमीम अख्तर ने कहा- सोसायटी के स्टाफ और पदाधिकारियों का रवैया हमेशा सहयोगात्मक रहा और यही परंपरा आगे भी बनाए रखें। इस अवसर पर शैलेष गजभिए, विनोद नायर, सुखित राम लहरे, नूर मोहम्मद, नील कुमार चंद्रहास, अप्पा राव, दीपचंद साव, मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव, सुधाकर वानवे, सतीश, शांतनु राम साहू, संजय कुमार मिश्रा, असमां परवीन, अशोक राठौर सहित अन्य मौजूद थे।



## एजुकेशन लाइव

# सीजी पीएससी में देवांगन समाज के 21 युवाओं ने बाजी मारी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी राज्य सेवा परीक्षा 2024 की मेरिट लिस्ट में देवांगन समाज के 21 युवाओं ने अपना स्थान बनाकर गौरवशाली उपलब्धि अर्जित की है। उल्लेखनीय है कि राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2024 के लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के प्राप्त अंकों के आधार पर यह मेरिट सूची बनाई गई है। राज्य सेवा छत्तीसगढ़ के अधीनस्थ विभाग के 17 सेवाओं के कुल 246 पद विज्ञापित किए गए थे।

उक्त जानकारी देते हुए देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने बताया कि देवांगन समाज के यशवंत कुमार देवांगन ने मेरिट लिस्ट में तीसरे स्थान पर आकर समाज को गौरवान्वित किया है। यशवंत भिलाई इस्पात संयंत्र के ईआरएस विभाग में इंजीनियरिंग एसोसिएट के पद पर कार्यरत हैं। इसके साथ ही मेरिट में स्थान बनाने वालों में रोशन कुमार देवांगन 33, नरेंद्र देवांगन 61, कविता देवांगन 75, अजय कुमार देवांगन 82, प्रतीक देवांगन 89, राकेश कुमार देवांगन 112, सुमीत देवांगन 127, खुशबू देवांगन 135, चमन देवांगन 170, कुंदन देवांगन 176, पल्लवी देवांगन 180, हिमांशु देवांगन 220, राहुल देवांगन 226, शिवम्-कुमार देवांगन 231, हरनारायण देवांगन 241, गौरव देवांगन 300, लिलेश कुमार देवांगन 309, मुकेश देवांगन 316, उमंग कुमार देवांगन 339, प्रशांत कुमार देवांगन 604 सहित 21 लोगों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया है। देवांगन जन कल्याण समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने सभी को शुभकामनाएं दी।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए बीएलओ होंगे सम्मानित

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में पुनरीक्षण का कार्य संपादित कराया जा रहा है।

राष्ट्रीय स्तर के अति महत्वपूर्ण कार्य में जिले में विधानसभावार मतदान केंद्रों के लिये नियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरण कर उसे विधिवत भरवाकर मतदाताओं से वापस प्राप्त कर डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार जिले के बूथ लेवल अधिकारी के द्वारा 26 नवम्बर 2025 तक शत-प्रतिशत मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त करके डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिए जाने पर उनके इस सराहनीय कार्य के लिए उन्हें सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

● न्यायालयीन एवं नगर निगम कर्मचारियों ने स्वच्छता कार्यों में सक्रिय योगदान दिया

# स्वच्छता एक अभियान नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी यह अनुशासन और संवेदनशीलता का है प्रतीक

दुर्ग। समाज में स्वच्छता, सेवाजिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला न्यायालय दुर्ग में चलाए स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। न्यायालयीन कर्मचारियों एवं नगर निगम कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता कार्यों में सक्रिय योगदान दिया गया। इस अभियान के अंतर्गत न्यायालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता गतिविधियों को प्रभावीढंग से संचालित किया गया। नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रेरक पहल की गई। इसी क्रम में न्यायिक अधिकारियों द्वारा जिला न्यायालय दुर्ग एवं नगर निगम कर्मचारियों को मफलर एवं टोपी वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य न केवल सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करना था, बल्कि समाज में सहानुभूति, सहयोग और मानवता के संदेश को प्रसारित करना भी रहा। बदलते मौसम को दृष्टिगत रखते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी और मानवीय पहल सिद्ध हुआ।




### स्वच्छ वातावरण न्याय व्यवस्था की दक्षता को है बढ़ाता

इस अवसर पर जिला न्यायालय के न्यायाधीशगण द्वारा यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सतत जिम्मेदारी है। जिला न्यायालय दुर्ग में आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा का सफल आयोजन हम सभी को यह स्मरण कराता है कि स्वच्छ वातावरण न्याय व्यवस्था की गरिमा और दक्षता को बढ़ाता है। न्यायालय परिसर की स्वच्छता न केवल यहां आने वाले पक्षकारों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों को बेहतर वातावरण प्रदान करती है, बल्कि यह हमारे सामूहिक अनुशासन, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा का भी प्रतीक है।





### रोगों से बचाने के साथ होता है सकारात्मक ऊर्जा का संचार

स्वच्छता स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। स्वच्छ वातावरण न केवल रोगों से बचाता है, बल्कि मन और शरीर दोनों को सकारात्मक ऊर्जा देता है। स्वस्थ व्यक्ति ही समाज और राष्ट्र के निर्माण में प्रभावी योगदान दे सकता है। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान नगर निगम एवं न्यायालय के कर्मचारियों के संयुक्त प्रयासों से कई महत्वपूर्ण गतिविधियां जैसे सफाई अभियान, जागरुकता रैलियां, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता, तथा लोगों को स्वच्छता अपनाने हेतु प्रेरित करने का आयोजन किया गया।

### आयोजन में विधिक सेवा प्राधिकरण ने भी किया सहयोग

न्यायिक अधिकारियों द्वारा दिए गए प्रेरक संदेशों से कर्मचारियों में उत्साह एवं सहभागिता की भावना प्रेरित हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने भी जन जागरुकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक किया तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सभी के योगदान का आह्वान किया। बता दें कि इस अभियान में न्यायाधीशों की भी अहम भूमिका रही। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने भी अपेक्षित सहयोग प्रदान किया।

## व्यावहारिक कौशल के लिए किया जागरूक

# डाइट पर व्यावसायिक शिक्षा कार्यशाला का आयोजन, शामिल हुए शिक्षामंत्री



**दुर्ग।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग में नई शिक्षा नीति 2020 व्यवसायिक शिक्षा चुनौती एवं संभावनाएं विषय पर संकुल समन्वयकों की दो दिवसीय कार्यशाला हुई। कार्यशाला के समापन अवसर पर गजेन्द्र यादव, मंत्री, स्कूल शिक्षा विधि एवं विधायी, ग्रामोद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ शासन उपस्थित हुए।

इस दौरान मंत्री यादव ने व्यवहारिक कौशल के प्रति जागरुकता एवं सफलता से सीखने की क्षमता विकसित करने पर भी बल दिया। प्राचार्य पीसी मरकले डाइट दुर्ग के मार्गदर्शन में यह कार्यशाला आयोजित की गई। पहले दिन उद्घाटन सत्र में प्राचार्य पीसी मरकले ने कौशल अंतराल में कम करने की बात कही। वक्ता आईआईटी भिलाई से डॉ. गगन राज गुप्ता एवं उनके सहयोगी निकेत ने वर्तमान आवश्यकता के अनुरूप कौशल के उन्नयन पर जोर दिया। कॉलेज ऑफ डेयरी टेक्नोलॉजी एंड फूड साइंसेस से डॉ. सांरग पोपली, सहा. प्राध्यापक, कामधेनु वि.वि. ने कृषि और संबंधित क्षेत्रों में उद्यमिता के अवसरों पर बात की।

### 25 संकुल स्रोत समन्वयक, 15 सीएसी और 24 मास्टर्स ट्रेनर हुए शामिल

संकाय सदस्य सत्येन्द्र शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला में डाइट खैरागढ़, कवर्धा, बेमेतरा व बीटीआई डोंगरगांव से दो-दो प्रतिभागी एवं बालोद जिला के बालोद, गुण्डरदेही, गुरूर, डौंडीलोहारा और डौंडी विकासखंड से कुल 25 संकुल स्त्रोत समन्वयक एवं दुर्ग, पाटन, धमधा से 15 सीएसी और गत वर्ष हाई व हायर सेकंडरी विद्यालय के व्याख्याताओं को ट्रेनिंग देने वाले 24 मास्टर ट्रेनर्स को बुलाया गया था। इस दौरान सदस्यों ने शोध आलेखों की प्रस्तुति दी। बीटीआई डोंगरगांव से डीएलएड के विद्यार्थियों ने व्यावसायिक शिक्षा के सर्वेक्षण पर सराहनीय शोध आलेख प्रस्तुत किया। डाइट खैरागढ़ से रचना दत्त एवं डॉ. मकसूद ने व्यावसायिक शिक्षा की चुनौतियों के लिए समाधान सुझाए। इस अवसर पर अवसर पर संध्या शर्मा, डॉ. नीलम दुबे, डॉ. वंदना सिंह, आरके चंद्रवंशी सहित अन्य मौजूद थे।

## निःशुल्क योग शिविर 23 तक

# पतंजलि शिविर में दी जा रही योग से जुड़ी जानकारी



**भिलाई।** पतंजलि योग समिति द्वारा स्वास्थ्य एवं विभिन्न बीमारियों का इलाज बिना दवा के योग के माध्यम योगी, अनुभवी वैध एवं नेचुरोपैथी मार्गदर्शक एवं प्रशिक्षित दिया जा रहा है। इसे लेकर निशुल्क योग शिविर का आयोजन परमेशवरी भवन प्रगति नगर रिसाली में किया जा रहा है। शिविर 23 नवंबर तक आयोजित है। शिविर प्रतिदिन सुबह 5:30 से 7:15 बजे तक आयोजित है। इस विशेष शिविर में नरेन्द्र सिंह पटेल जिला प्रभारी, राजेश तिवारी, जेआर बिसेन, आरपी शर्मा, आरआर खन्ना, बीआर बल्ला, नेचुरोपैथी ललन सिंह, घनश्याम देवांगन, मनीषा निखारे, गणपति कोन्डेतिजी, एसडीके चोबे सहित योग से जुड़ी जानकारी दे रहे हैं।

## जिला पंचायत में प्रशिक्षित स्टूडेंट्स को दी गई शासकीय योजनाओं की जानकारी

# स्किल डेवलपमेंट की दी गई ट्रेनिंग, 11 युवतियों और 3 युवकों को मिला रोजगार, अध्यक्ष ने सौंपा ऑफर लेटर

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** जिला पंचायत कार्यालय में स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर अंजोरा से प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं को जॉब ऑफर लेटर एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने सभी 14 प्रशिक्षार्थियों को ऑफर लेटर सौंपा। इसमें 11 युवतियां और 3 युवक हैं। उन्हें शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। बंजारे ने छात्र-छात्राओं से आत्मीय चर्चा करते हुए रोजगार के महत्व, कार्यस्थल अनुशासन और कौशल विकास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देकर रोजगार दिलाना समाज की सबसे बड़ी सेवा है।




### ऐसे प्रशिक्षण शिविर आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम



जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने कहा कि यह पहल आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की दिशा में मजबूत कदम है। स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर अंजोरा में हॉस्पिटालिटी कोर्स के अंतर्गत प्रशिक्षार्थियों को 45 दिन का आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसमें फ़ूड एंड बेवरेज, हाउसकीपिंग, मल्टीफंक्शनल ऑफिस असोसिएट के साथ-साथ कम्युनिकेशन स्किल और सॉफ्ट स्किल भी शामिल रहे। आने वाले दिनों में इसके परिणाम और भी अधिक बेहतर होंगे।

### निःशुल्क आवास व भोजन की भी सुविधा

छत्तीसगढ़ के अलावा तेलंगाना, गुजराज और बेंगलुरू में प्लेसमेंट सेंटर हेड सुभाष डोंगरे ने बताया कि इस बैच में कुल 16 छात्र-छात्राएं शामिल थे, जिनका प्लेसमेंट छत्तीसगढ़, तेलंगाना, गुजरात एवं बेंगलुरू में हुआ है। राज्य के बाहर चयनित युवाओं को 11,000 से 19,000 रुपये प्रतिमाह की सैलरी मिलेगी। साथ ही निःशुल्क आवास एवं भोजन की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इस प्लेसमेंट्स से ग्रामीण युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में सूर्यकांत देशमुख, छत्तीसगढ़ प्रदेश मजदूर कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कौशिक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को कौशल एवं रोजगार के अवसरों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बना रहा।

# SUNDAY SPECIAL

## डॉक्टरों से लेकर ट्रैवल्स एजेंसियों और होटलों तक–शहर बन रहा सर्विसेस और सुविधाओं का पसंदीदा हब

भिलाई–दुर्ग क्षेत्र आज छत्तीसगढ़ का सबसे तेजी से विकसित होता बिजनेस और सर्विस मार्केट बन गया है। यहां स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर यात्रा और होटल सेक्टर तक हर उद्योग में प्रतिस्पर्धा और विस्तार देखने को मिल रहा है। मल्टीस्पेशलिटी अस्पतालों का नेटवर्क बढ़ा है, नए क्लीनिक और डायग्नोस्टिक सेंटर खुले हैं, जबकि टूर एंड ट्रैवल्स एजेंसियां यात्रियों को देश–विदेश तक बेहतर सुविधा दे रही हैं। वहीं होटल और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर भी शहर की आवश्यकताओं के अनुरूप तेजी से आगे बढ़ रहा है। यही वजह है कि भिलाई–दुर्ग अब हर तरह की सेवाओं का भरोसेमंद केंद्र बन चुका है।



### शादियों के लिए भव्य व्यवस्था: मैरिज पैलेस बन रहे पसंदीदा स्थल

भिलाई–दुर्ग में मैरिज पैलेस अब शादियों और सामाजिक आयोजनों के लिए पहली पसंद बनते जा रहे हैं। यहां विशाल बैंक्वेट हॉल, ओपन लॉन और आकर्षक डेकोरेशन की व्यवस्था मौजूद रहती है। मेहमानों की सुविधा के लिए पर्याप्त पार्किंग, जनरेटर बैकअप और सुरक्षा व्यवस्था भी उपलब्ध रहती है। आधुनिक लाइटिंग, साउंड सिस्टम और स्टेज सेटअप से हर आयोजन को भव्य रूप दिया जा सकता है। कई मैरिज पैलेस में अलग से रूम, ड्रेसिंग एरिया और मीटिंग स्पेस भी बनाए गए हैं। कैटरिंग और इवेंट मैनेजमेंट जैसी सेवाएं भी एक ही स्थान पर मिल जाती हैं। इस वजह से परिवारों को आयोजन की पूरी तैयारी सहजता से हो पाती है। सुविधाओं की विविधता के कारण शहर में मैरिज पैलेस की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

### हेल्थकेयर सेक्टर का विस्तार हर जरूरत के लिए सेवाएं उपलब्ध

भिलाई–दुर्ग में स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा जोरदार गति से विकसित हुआ है।

आधुनिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टर
अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक और लैब सुविधाएं
24×7 इमरजेंसी और ट्रॉमा केयर

न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक, कार्डियोलॉजी, गाइनोकॉलॉजी, पीडियाट्रिक, डेंटल और फिजियोथेरेपी समेत लगभग हर विशेषज्ञता की सेवाएं अब यहां उपलब्ध हैं। आसपास के जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए भिलाई–दुर्ग पहुंच रहे हैं।

### टूर एंड ट्रैवल्स इंडस्ट्री यात्रियों के लिए हर सुविधा

दुर्ग–भिलाई में टूर एंड ट्रैवल्स कारोबार लगातार बढ़ रहा है।

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टूर पैकेज
एयर टिकट, ट्रेन–बस बुकिंग
होटल एवं हॉलिडे पैकेज
कॉर्पोरेट और फैमिली ट्रैवल सॉल्यूशंस

त्योहारों और छुट्टियों के दौरान ट्रैवल एजेंसियों की मांग और बढ़ जाती है। यह सेक्टर युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी दे रहा है।

### होटल और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर आराम, सुविधा और गुणवत्ता का संगम

भिलाई–दुर्ग में होटल उद्योग तेजी से बढ़ा है।

बजट होटल से लेकर प्रीमियम क्लास होटलों तक बेहतरीन विकल्प
बिजनेस मीटिंग, इवेंट्स और फंक्शन्स की सुविधा
फूड–कोर्ट और मल्टी–क्यूज़ीन रेस्टोरेंट

हॉस्पिटैलिटी सेक्टर न केवल निवासियों बल्कि बिजनेस ट्रेवलर्स और पर्यटकों की जरूरतों को भी पूरा कर रहा है।

### क्यों खास है भिलाई-दुर्ग का लोकल मार्केट

एक ही शहर में हेल्थ, ट्रैवल और हॉस्पिटैलिटी की पूरी श्रृंखला। बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधाजनक लोकेशन।

विश्वसनीय सेवाओं का मजबूत नेटवर्क। लगातार बढ़ता ग्राहक आधार। इसी वजह से यहां के मार्केट में विज्ञापन और व्यवसायिक गतिविधियां भी लगातार बढ़ रही हैं।

होम्योपैथिक एलर्जिक क्लिनिक
डॉ. संजय मनवानी
BHMS, PGNAHI, GOLD MEDALIST
Since-2001
विशेष– एलर्जिक अस्थमा, एलर्जिक राईनाइटिस, डस्ट एलर्जी, बार–बार छींके आना, बच्चो का बार–बार बुखार आना, एलर्जिक अर्थकेरिया, खुजली का जड़ से होम्योपैथिक इलाज
प्रदिप्ति नगर, बोरसी, समय- सुबह 9.30 से 11.00
स्टेशन रोड, सिंधी कालोनी, PNB के पीछे, दुर्ग सुबह 11.00 से शाम 8.00
0788-4011329, 98271-56836
हर शनिवार रायपुर में 215, GRAND MARIDIAN, OLD SAMRAT TALKIES FAFADIH CHOWK, STATION ROAD, RAIPUR
खैरागढ़ हर प्रथम और तृतीय रविवार
नये मरीज APPOINTMENT पर ही देखे जाते है।

नि:संतान दम्पत्ति मिलें
बिना टेस्ट ट्यूब के (IVF, ICSI) 90% तक सफलता Follicular Study, IUI, Seman Wash, Sperm Bank द्वारा
बिना टाँका बच्चादानी निकालना मात्र रू. 20,000/- में
अग्रवाल पॉलीक्लिनिक
डॉ. एस. के. अग्रवाल (एम.डी.)
पचरीपारा, नया बस स्टैण्ड के सामने, दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9685242861
सभी सुविधायें एक जगह पर उपलब्ध है
समय :-सुबह 10 से 03 बजे तक एवं शाम: 06. से 08 बजे तक

पटेल क्लीनिक
डॉ. नवीन कुमार पटेल
B.A.M.S., DAK (Ayush)
REG. No. TDURG 83444
लकवा, साइटिका, वातरोग, दाद, खाज, खुजली, बेमची, टाइफाइड, जीर्ण ज्वर एवं बवासीर, भंगदर का जाँच उपरांत इलाज किया जाता है।
डॉ अर्चना राठौर
MBBS, DGO(OBGY)
महिला रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक शुक्रवार को, सुबह 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक उपलब्ध।
पुलिस ग्राउण्ड बोरी, तह. बोरी, जिला-दुर्ग
Mob. : 9770404949, 9770138894

New RASM Rooftop Restaurant
HOTEL SHIV PRABHA INN
HOTEL APANA KESHARI LODGE
TOWN KING The Family Restaurant & Banquet
Ranjan Gupta Director
शादी पार्टी के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
SPECIAL OFFER FOR : BANQUET HALL BOOKING KITTY PARTY, BIRTHDAY, MARRIAGE ENGAGEMENT, MEETING, ETC.
47-C, MARKET, NEAR SAPNA TALKIES, NANDINI ROAD, POWER HOUSE, BHILAI-DURG, MOB. : 9893215251, 8966981590

शुक्ला ट्रेवल्स
ए.सी. बस उपलब्ध हैं
हमारे यहां सभी प्रकार की गाड़ियां उपलब्ध है।
शादी व पिकनिक एवं यात्रा हेतु संपर्क करें
प्रो. मनीष शुक्ला
98274-74460
79748-46916
70678-34505
एड्रेस :- विनोबा नगर, भिलाई

Get Your Passport in 2-3 Days Only...
C.G. No. 1 in Passport
SHRIKANT JAIN
98271 16933, 94791 74525
PASSPORT, VISA, AIR TICKET, HOLIDAYS & INSURANCE (LIFE MEDICLAIM & MOTOR VEHICLES)
Modicare
Save & Earn 30% to 50%
न किसी को कुछ समझाना, न किसी को कुछ बेचना... सिर्फ और सिर्फ अपनी शॉप दुकान बदले और पाये 30% से 50% तक बचत का लाभ
आपकी रोज की जरूरत का लगभग हर सामान...
Modicare DP Smriti Nagar, Bhilai
Plot - 1, Street - 20, Smriti Nagar, Bhilai

छत्तीसगढ़ का शुद्ध शाकाहारी भव्य मांगलिक प्रांगण
गायत्री पैलेस
हमारी विशेषता
• 54 एयरकंडीशन रूम
• 8,000 वर्गफीट का एयर कंडीशन बैंकेट हॉल
• 40,000 वर्गफीट का विशाल लॉन
• 4,000 वर्गफीट की भव्य लॉबी
• लिफ्ट की सुविधा
• पर्याप्त पार्किंग स्थल
• टैरेस गार्डन • 2 ब्यूटी पार्लर
• स्वीमिंग पूल एवं रेन डांस
• 1200 वर्गफीट का रेस्ट रूम
Best Venue For: विवाह सगाई वर्षगांठ जन्मदिवस कॉन्फ्रेंस
E-Mail: gayatripalace15@gmail.com; www.gayatripalace.co.in
चिखली, धमधा रोड, दुर्ग 70498 11111, 93030 72667, 9907151000
Deepak Advertisers